1

# निरीक्षण प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| निरीक्षणकर्ता का नाम मय पद | :– | जैतीन कुमार गांधी<br>सहायक आयुक्त,<br>देवस्थान विभाग, जोधपुर। |
| संस्था का नाम | :– | श्री मुथाजी का मंदिर ट्रस्ट,<br>नागोरी गेट के बाहर, जोधपुर |
| निरीक्षण दिनांक | :– | 11.04.2019 |
| संस्था का अध्यक्ष | :– | श्री विरेन्द्र सिंह मुहता |
| गत निरीक्षण दिनांक | :– | 06.10.2017 |

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 11.04.2019 को निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह मुहता एवं मनोज कुमार शर्मा कार्यालय सहायक उपस्थित मिले। यह प्रन्यास राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के अन्तर्गत पंजीकृत है। जिसकी पंजीयन संख्या 01/89/जोधपुर है।

**केश बुक :–** प्रन्यास द्वारा कच्ची रोकड़ बही एवं कम्प्यूटराईज्ड रोकड़ बही संधारित की जाती है। कच्ची रोकड़ बही दिनांक 01.04.2019 से संधारित है जिनके प्रारम्भिक पोते बाकी रूपये 191682/– एवं वक्त निरीक्षण दिनांक 09.04.2019 को प्रारम्भिक पोते बाकी रूपये 179118/– थी। कम्प्यूटराईज्ड रोकड़ बही का अवलोकन नही कराया गया। कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर नही किये हुए है। कोषाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वर्ष में दो बार अवशेष राशि का भौतिक सत्यापन कर सत्यापन का प्रमाण पत्र रोकड़ बही में अंकित करें। वाऊचर पत्रावली का अवलोकन किया गया। बैंक खाते की पासबुके बैंक से सत्यापन नही कराई गई पूर्व निरीक्षण प्रतिवदेन मे दिये गये निर्देश की पालना की जा कर पालना रिपोर्ट पेश करें।

**ओडिट व बजट :–** प्रन्यास की ओडिट कास्टियां एण्ड कम्पनी, जोधपुर द्वारा की जाती है। ओडिट वर्ष 2017–18 की तैयार हो चुकी है। ओडिट की प्रति कार्यालय को प्रेषित की जा चुकी है तथा आगामी वर्ष का प्रस्तावित बजट नही बनाया गया है।

**किराया रजिस्टर :–** किराया रजिस्टर संधारित किया जाता है। परन्तु विधिवत् किराया रजिस्टर संधारित नही है। इस संस्था में कुल नागौरी गेट व डागा बाजार के कुल 102 किरायेदार एवं घास मण्डी जोधपुर मे 34 किरायेदार बताये गये है। किराया दरो की सूची का अवलोकन करने पर पाया गया हैं कि कुछ किरायेदारो के किराया समय पर जमा नही हो रहा हैं तुरन्त किराया जमा कराने की कार्यवाही की जावें तथा



Scanned by CamScanner

2

निरीक्षण प्रतिवेदन मे दिये गये निर्देश की पालना की जा कर पालना रिपोर्ट पेश
।

**व अचल सम्पदा पंजिका** :– संस्था की चल व अचल सम्पदा पंजिका संधारित है।
चल सम्पदा निम्न है–

1. जैन वैष्णव मंदिर
2. मंदिर का प्रागण
3. नोहरा मुहता गार्डन
4. हवेली
5. श्री पार्श्वनाथ वाटिका
6. बेरा
7. आदेश्वर भवन
8. पार्श्वनाथ अस्पताल भाग संख्या 1 से 6 तक समस्त दुकानें, मकान, धर्मशाला इत्यादि
9. घासमण्डी का नोहरा जिसमें 94 किरायेदार
10. डागा बाजार में 1 दुकान

समस्त अचल सम्पदा का ब्लू प्रिन्ट नक्शा बनाकर अचल सम्पदा रजिस्टर के साथ रखा जावें।

**इन्वेस्टमेंट रजिस्टर** :– इन्वेस्टमेंट रजिस्टर संधारित किया गया है। यूको बैंक मे 1117528/– की एफ डी आर 25.04.2021 को परिपक्व होगी तथा एस.बी.आई मे दो एफडीआर 3925967/– एवं 565653/– क्रमशः दिनांक 03.12.2019 एवं 30.12.2019 को परिपक्व होगी।

**बैठक रजिस्टर** :– प्रन्यास की साधारण सभा एवं प्रबंध कमेटी के मिंटिग रजिस्टर संधारित है। गत मिंटिग दिनांक 15.07.2018 को की गयी हैं।

**भेंट भण्डार** :– भेंट भण्डार रजिस्टर संधारित किया जाता है। गत भेट रजिस्टर दिनांक 23.03.2019 को मुख्य जैन मंदिर का खोला गया जिसमे 45241/– प्राप्त हुऐ। जिस पर दो कार्यकारिणी के सदस्यो के हस्ताक्षर हैं। शेष स्टॉफ के हस्ताक्षर हैं।

**कर्मचारी** :– प्रन्यास में कार्यरत कर्मचारियों के रजिस्टर संधारित है। स्थाई कर्मचारी निम्नानुसार हैं:–

| क्र. सं. | नाम | पद | कुल वेतन राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज कुमार शर्मा | कार्यालय सहायक | 13000/– |
| 2 | श्री प्रकाशमल सुराणा | व्यवस्थापक | 10500/– |
| 3 | श्री भोला प्रसाद मिश्रा | चौकीदार | 8900/– |



Scanned by CamScanner

3

| | | | |
|---|---|---|---|
| | श्री उमाकान्त मिश्रा | चौकीदार | 8600/– |
| | श्री बारिया रसिक भाई | पुजारी जैन मंदिर | 8600/– |
| | श्री अश्विनी कुमार दवे | पुजारी विष्णु मंदिर | 8000/– |
| | श्री लखन दास वैष्णव | पुजारी विष्णु मंदिर | 8000/– |

**चना :–** इस प्रन्यास द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा नियम 33 के अनुसार सूचना प्रेषित की जाती है। पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन की पालना पोर्ट पेश नही की गई है जो पेश की जावें।

**न्यास के उद्देश्य एवं क्रियाकलाप :–** इस प्रन्यास द्वारा जोधपुर शहर में धार्मिक योजन किये जाते है। इस प्रन्यास में वैष्णव एवं जैन धर्म के समस्त उत्सव मनाये ते है। वैष्णव मंदिर में कृष्ण भगवान, शिवजी, गणेश जी, माताजी एवं हनुमान जी की र्तियां स्थापित है। जैन मंदिर में पार्श्वनाथ भगवान व अन्य जैन तीर्थकर अधिष्ठायक व भैरूजी की मूर्तियां स्थापित है। सामाजिक कार्यो में एलौपेथिक, हौम्योपेथिक एवं क्यूप्रेशर की जन सुविधा उपलब्ध है।

Sd
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग
जोधपुर
दिनांक :– 26/4/19

सामान्य (निरीक्षण)
6.5.19

3525
9.5.19

मांक :– 1570
तिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय, देवस्थान विभाग राज. उदयपुर को सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष/सचिव श्री मुथाजी का मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट के बाहर, जोधपुर को पालनार्थ।

556
9.5.19

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग
जोधपुर

Scanned by CamScanner